**<u>दांडिक प्रकरण क्रमांकः 601/2022, अभियोजन साक्षीः गणेशी यादव (अ.सा. 02)</u>**
**<u>दिनांकः 04.10.2023</u>**

**<u>साक्ष्य प्रारंभ –04:15 बजे</u>**

01. मैं न्यायालय अनुपस्थित आरोपी को नहीं जानता हूं। मृतक मोहित को जानता हूं वह मेरे भाई का पुत्र था। घटना लगभग 1 वर्ष पूर्व की समय शाम 7:00 बजे की है। लगभग एक वर्ष पूर्व मेरे भाई का पुत्र मोहित एक्सीडेंट से उसकी मृत्यु हो गयी थी। घटना के समय मैं अपने घर में था। परिवार के लोगों द्वारा सूचना देने पर मैं शासकीय हॉस्पिटल साजा आया था। धारा 175 द.प्र.सं. आकस्मिक मृत्यु प्र.पी.03 है जिसके अ से अ भाग पर मेरे हस्ताक्षर है। शव सुपुर्दनामा प्र.पी.04 है जिसके अ से अ भाग पर मेरे हस्ताक्षर है। पुलिस वाले मेरा बयान नहीं लिये थे।

**<u>::– प्रतिपरीक्षण द्वारा श्री गोकुल राजपूत अधिवक्ता वास्ते आरोपी/गण</u> :: –**

02. यह कहना सही है कि मैं घटना होते हुए नहीं देखा हूं। यह कहना सही है कि घ टना कैसे हुई मैं नहीं जानता और ना ही किसी ने बताया था।

गवाह को पढ़कर सुनाये जाने पर सही होना स्वीकार किया।

मेरे निदेशन पर टंकित

**(श्रीमती अंकिता मुदलियार)**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी**
**साजा जिला–बेमेतरा (छ.ग.)**

साक्षी
हस्ताक्षर

**(श्रीमती अंकिता मुदलियार)**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी**
**साजा जिला–बेमेतरा (छ.ग.)**

साक्ष्य समाप्त :– 04:25 बजे